Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish Kendriya Vidyalayas in Nagaur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर के खीवसर, डीडवाना व परबतसर तथा नागौर जिले के मेडता में जिले के बड़े भू-भाग को देखते हुए नवीन केवी स्कूल स्वीकृत करने के संबंध में शिक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूँ उक्त मांग मेरे द्वारा लंबे समय से की जा रही है जिस पर शिक्षा मंत्रालय से जिला प्रशासन नागौर के माध्यम से रिपोर्ट व प्रस्ताव मांगे थे, जो प्रस्ताव केवी संगठन को प्राप्त हो गए तथा उक्त प्रस्तावों पर केवी संगठन न खीवसर, डीडवाना व परबतसर में नवीन केवी के संबंध में जो आपत्ति आदि लगाकर जिला प्रशासन नागौर को भेजी उसमें भी आवश्यक सुधार करके जिला प्रशासन द्वारा पुनः भेज दिए गए हैं वही मेडता में केवी का प्रस्ताव अनिवार्य अपेक्षाओं को पूरा करते पाया गया । मेरा अनुरोध है कि कलक्टर नागौर द्वारा केवी संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर को खीवसर, डीडवाना व परबतसर के संबंध में भी पुनः सुधार करके भेजे गये प्रस्ताव आदि को तत्काल मंगवाकर भारत सरकार उक्त चारों स्थानों पर केवी स्कूलों की स्वीकृति जारी करती है तो दशकों से अच्छी शिक्षा के संस्थान की राह देख रहे नागौर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए बड़ी सौगात होगी क्योंकि जिले में रह रहे केन्द्रीय कार्मिकों के बच्चों के साथ एससी, एसटी, ओबीसी व अन्य पिछड़े तबकों व निर्धन सामान्य वर्ग के छात्रों को गुणवत्ता की शिक्षा मिलेगी।

____